भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2585

उत्तर देने की तारीख 2 अगस्त, 2022
11 श्रावण, 1944 (शक)

खेल अकादमियां

2585 श्रीमती हिमाद्री सिंहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में मध्य प्रदेश में कितनी खेल अकादमियां चल रही हैं और भविष्य में मध्य प्रदेश के किन जिलों में उक्त अकादमियां स्थापित करने की योजना है;

(ख) क्या सरकार की शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, कटनी जिलों में खेल अकादमी स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) भविष्य में और अकादमियां स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अकादमियों की स्थापना की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की होती है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के "राष्ट्रीय/ क्षेत्रीय/ राज्य खेल अकादमियों को सहायता" घटक के तहत, खेल अकादमियों को खेलो इंडिया एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए मान्यता प्रदान की जाती है । देश में अब तक कुल 264 अकादमियों को मान्यता दी गई है, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य में 17 अकादमियां शामिल हैं ।

अकादमियों का प्रत्यायन एक सतत प्रक्रिया है और खेल अकादमियों को खेलो इंडिया स्कीम के तहत नियत प्रक्रिया का पालन करने के बाद राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त होने पर मान्यता दी जाती है । मध्य प्रदेश से खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेल अकादमियों की मान्यता का कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में लंबित नहीं है ।

****